DD News -01-07-2025 Done

# रोटरी क्लब के द्वारा सनातन धर्म मंदिर, नरवाना में एक विशाल भंडारे का आयोजन




नरवाना, (नरेन्द्र जेठी) रोटरी क्लब नरवाना द्वारा नए सत्र के शुभारंभ के उपलक्ष्य में आज सनातन धर्म मंदिर, नरवाना में एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस भव्य आयोजन में लगभग 800 श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर क्लब के प्रधान विकास सिंगला, सचिव रूपक बंसल, योगिन्दर गुप्ता,निखिल गर्ग, विकास गुप्ता, मनोज मित्तल, राजेन्द्र बंसल, शशिकांत गर्ग, अमित गोयल, विक्रम गोयल, रोबिन गर्ग सहित कई अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी सदस्यों ने क्लब के नव निर्वाचित प्रधान विकास सिंगला को आगामी वर्ष में सामाजिक, शैक्षिक एवं जनकल्याणकारी परियोजनाओं के सफल संचालन हेतु हार्दिक शुभकामनाएं दीं तथा आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में क्लब नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा।